


# षोडश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-18 शनिवार, दिनांक- 25 मार्च, 2017 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.37 बजे अप० तक ।**

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्प सूचित प्रश्न अपृष्ठ ।

(iii) 29 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-क-9, उद्योग विभाग में स्थानान्तरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1406, स्थगित ।

(vi) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(vii) 121 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्य स्थगन :-**

माननीय सदस्य, श्री मिथिलेश तिवारी, श्री संजय सरावगी, श्री विजय कुमार खेमका, श्री विद्या सागर केशरी, श्री केदार प्रसाद गुप्ता, श्री राणा रणधीर, श्री ललन पासवान, श्री विनोद कुमार सिंह, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह, श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, श्री तारकिशोर प्रसाद, श्री संजीव चौरसिया, श्री अरूण कुमार सिन्हा एवं श्री विजय कुमार सिन्हा से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[3] **आसन की घोषणा :-**

आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों से शून्यकाल की सूचनाओं को हाल की घटनाओं पर आधारित प्रासंगिक एवं बेहतर बनाने का अनुरोध किया गया ।

[4] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(1) श्री नीरज कुमार (2) श्री मो० नेमतुल्लाह

| | | | |
|---|---|---|---|
| (3) | श्री अमित कुमार | (4) | श्री शमीम अहमद |
| (5) | श्री विनोद प्रसाद यादव | (6) | श्री फैसल रहमान |
| (7) | श्री रामदेव राय | (8) | श्री ललन पासवान |
| (9) | श्री राम विशुन सिंह | (10) | श्री मिथिलेश तिवारी |
| (11) | श्री सुदामा प्रसाद | (12) | श्री महबूब आलम |
| (13) | श्री सत्यदेव राम | (14) | श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह |
| (15) | श्री समीर कुमार महासेठ | (16) | श्री मुन्द्रिका सिंह यादव |
| (17) | श्री अजीत शर्मा | (18) | श्री बिरेन्द्र कुमार सिन्हा |
| (19) | श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता | (20) | श्री बशिष्ठ सिंह |
| (21) | श्री राजेन्द्र कुमार | (22) | श्रीमती भागीरथी देवी |
| (23) | श्री मो० नवाज आलम | (24) | श्री चंदन कुमार |
| (25) | श्री आनंद शंकर सिंह | (26) | श्री राणा रणधीर |
| (27) | श्री विजय कुमार खेमका | (28) | श्रीमती बेबी कुमारी |
| (29) | श्रीमती रंजु गीता | (30) | श्री अचमित ऋषिदेव |
| (31) | श्री रत्नेश सादा | (32) | श्री विनोद कुमार सिंह |
| (33) | श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह | (34) | श्री तारकिशोर प्रसाद |
| (35) | श्री सरोज यादव | (36) | श्री संजय सरावगी |
| (37) | श्री विद्या सागर केशरी | (38) | श्री केदार प्रसाद गुप्ता |
| (39) | श्री संजीव चौरसिया | (40) | श्री विजय कुमार सिन्हा |

[5] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य, श्री निरंजन कुमार मेहता एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री निरंजन कुमार मेहता द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए माननीय प्रभारी मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री रामनारायण मंडल एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री रामनारायण मंडल द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्री आलोक मेहता द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

[6] <u>अन्य चर्चा</u> :-

माननीय नेता, विरोधी दल, श्री प्रेम कुमार द्वारा राज्य में बिजली की दरों में हुई बढ़ोत्तरी को वापस लेते हुए सरकार से वक्तव्य की माँग की गई साथ ही पूर्व मुख्य मंत्री श्री जीतन राम माँझी द्वारा बिजली की दरों में हुई वृद्धि से किसानों को होने वाले नुकसान की बात उठाई गई ।

सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, ऊर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा इसकी समीक्षा कर चलते सत्र में ही पूर्ण स्थिति स्पष्ट करने की बात कही गई ।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

(02.00 बजे अप० से 05.03 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[7] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2017-2018 के वार्षिक वित्तीय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-05 (नगर विकास एवं आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, विधि विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग)] पर वाद-विवाद तथा मतदान :-**

नगर विकास एवं आवास विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, श्री महेश्वर हजारी द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । माननीय सदस्य, श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा अनुदान की माँग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । अनुदान की माँग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री समीर कुमार महासेठ (ii) श्री अभय कुमार सिन्हा

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री मोहम्मद इलियास हुसैन द्वारा आसन ग्रहण किया गया ।)

(iii) श्री अजीत शर्मा (iv) श्री व्यास देव प्रसाद

(v) श्री महेश्वर प्रसाद यादव (vi) श्री चन्द्रसेन प्रसाद

(vii) श्री संजीव चौरसिया (viii) श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन

(ix) श्री संजय सरावगी (x) श्री वीरेन्द्र कुमार सिन्हा

(xi) श्री ललन पासवान (xii) श्रीमती आशा देवी

(xiii) श्री मो० नवाज आलम (xiv) श्री बशिष्ठ सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xv) श्री विजय कुमार खेमका (xvi) श्री सत्यदेव राम

(xvii) श्री राजू तिवारी (xviii) श्री तारकिशोर प्रसाद

(xix) श्रीमती बेबी कुमारी

तत्पश्चात् सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री महेश्वर हजारी द्वारा विस्तारपूर्वक दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य, श्री अरूण कुमार सिन्हा का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के संबंध में अनुदान की माँग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

**[8] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-45 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-27 मार्च, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-25.03.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।